राष्ट्रीय मुक्क विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

पाठ 8: इलेक्ट्रॉनिक संसाधन

वर्कशीट - 8

1. किसी ग्रंथालय में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के ई-संसाधनों व उनके प्रयोग का विस्तृत वर्णन कीजिए।
2. 21वीं सदी के ग्रंथालय 'प्रिंट संसाधनों की अपेक्षा ई-संसाधनों की अधिक पूर्ति करते हैं। इस वक्तव्य पर अपने विचार प्रकट कीजिए।
3. ई-संसाधनों में कुछ ऐसी अंतर्निहित विशेषताएँ होती हैं जो उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक सुविधाजनक होती हैं। इस वक्तव्य के समर्थन में तर्क दीजिए।
4. किसी विद्यालय में ग्रंथालय के प्रमुख होने के नाते आप ग्रंथालय में ई-संसाधनों का प्रबंधन कैसे करेंगे?
5. ग्रंथालय में नए भर्ती स्टाफ को 'उद्धरण और सार' किसी शोधार्थी के लिए कैसे सहायक होते हैं' विषय पर प्रशिक्षित करने के लिए आपको प्रधान प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। इस विषय पर एक टिप्पणी तैयार कीजिए।
6. कोविड की इस महामारी के दौरान अनेक प्रकाशक अपने पाठकों को निःशुल्क ई-पुस्तकें और ई-पत्रिकाएँ उपलब्ध करा रहे हैं। इनमें से किसी एक का अधिगम कीजिए और अधिगम की गई सामग्री की समीक्षा 800 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।
7. कोविड-19 के बाद वर्तमान ग्रंथालयों के समग्र कार्यकलाप में क्या स्पष्ट परिवर्तन होंगे। इसपर अपने विचार 500 शब्दों में व्यक्त कीजिए।
8. ग्रंथालयों को अपने उपयोगकर्ताओं को ई-संसाधनों का प्रयोग करने हेतु प्रशिक्षित करने और इस प्रकार उपयोगकर्ताओं में ई-संसाधनों के प्रयोग को प्रोत्साहित करने व बढ़ावा देने के लिए शिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। इस वक्तव्य के समर्थन में तर्क दीजिए।
9. आपके पास अपनी पसंद की पुस्तक को इलेक्ट्रोनिक रूप में तथा मुद्रित रूप में पढ़ने का विकल्प है। आप क्या पसंद करेंगे और क्यों?
10. एनआईओएस अथवा किसी अन्य शैक्षिक संस्थान की वेबसाइट पर जाइए, किसी ई-रिपोर्ट का अधिगम कीजिए और इसका सार तैयार कीजिए।